नेशनल वुशू चैंपियनशिप | **हरियाणा के फतेहाबाद में आयोजित हुई प्रतियोगिता**

जोड़ा के बबलू ने झटका स्वर्ण

संवाद सूत्र, बड़बिल : केंदूझर जिले के जोड़ा प्रखंड अंतर्गत देवझर ग्राम पंचायत के सियालीजोड़ा गांव के मार्शल आर्ट खिलाड़ी बबलू मुंडा ने एक बार फिर ओड़िशा प्रदेश सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने 10 से 15 मार्च तक हरियाणा के फतेहाबाद में आयोजित 19वीं जूनियर नेशनल वुशू चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा समर्थित, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के सीएसआर के तहत कोच पंकज महंतो के नेतृत्व में पांच सदस्यों की टीम में बबलू मुंडा, राजेश मुंडा, कृष्णा खंडायत, संजीव नायक और शिवदत्त महाकुड ने इसमें हिस्सा लिया था। बबलू ने 48 किलोग्राम वर्ग में कर्नाटक, झारखंड, नई दिल्ली, हरियाणा को पछाड़ते हुए मणिपुर के प्रतिद्वंदी लाईश राम रमेश को हराकर स्वर्ण जीता। फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल ने बबलू को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि मैं यह जानकर रोमांचित हूं कि चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।



स्वर्ण पदक दिखाते बबलू मुंडा ● **जागरण**